भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:4789

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अनुसंधान और कार्यकलाप संबंधी बजट

†4789. श्री अरुप चक्रवर्ती:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में चिकित्सा महाविद्यालयों तथा अस्पतालों द्वारा किए गए अनुसंधान कार्यों पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ऐसी संस्थाएँ सुविधाओं के अभाव के कारण अपने अनुसंधान बजट का पूर्ण उपयोग करने में असमर्थ हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार का सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों के लिए अनुसंधान बजट में वृद्धि करने का प्रस्ताव है,यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): भारत में स्वास्थ्य अनुसंधान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अतिरिक्त अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, फार्मास्यूटिकल्स विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग सहित स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) और साथ ही केंद्र सरकार के अन्य विभागों जैसे जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जैसे संस्थानों द्वारा किया जाता है। देश में स्वास्थ्य अनुसंधान पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए सार्वजनिक निधि धन का प्रमुख स्रोत बनी हुई है।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने अनुसंधान अवसंरचना के विकास और अनुसंधान कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और सरकारी अस्पतालों को 144.07 करोड़ रुपये निर्गत किए हैं। वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत जारी की गई निधियां इस प्रकार है:

योजना का नाम	राशि (करोड़ में)
वायरल अनुसंधान एवं निदान प्रयोगशालाएँ (वीआरडीएल)	52.81
बहु-विषयक अनुसंधान इकाई (एमआरयू)	61.99
भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन (एचटीएआईएन)	6.89
डीएचआर-आईसीएमआर एडवांस्ड मॉलिक्यूलर ऑन्कोलॉजी डायग्नोस्टिक सर्विसेज (डीआईएएमऑनडीएस)	17.15
सेंटर फॉर गाइडलांइस	5.23

****